## सार-समाचार

### गोशालाओं का 95वां प्रशिक्षण और संवाद कार्यक्रम कल से

**बीकानेर,**(निसं)। बीकानेर गोशाला संघ व गोपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गोशाला संचालकों का प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम 5 अप्रैल से होगा। संघ के जिला महामंत्री निरंजन सोनी ने बताया कि 5 अप्रैल से बीकानेर जिले की सभी तहसीलों के अनुसार गौशाला संचालकों का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम होगा। इसमें 5 अप्रैल को श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की गोशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम मां चिल्लाय गौशाला झंझेऊ श्रीडूंगरगढ़ में, 7 अप्रैल लूणकरणसर क्षेत्र की गोशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम गोपीनाथ गौशाला जैतपुर में, 8 अप्रैल नोखा व पांचू क्षेत्र की गोशालाओं का प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम श्रीकृष्णा केसर गौशाला सुरपुरा में, 9 अप्रैल बीकानेर, श्रीकोलायत व बज्जू क्षेत्र की गोशालाओं का प्रशिक्षण श्रीगंगा जुबली पिंजरापोल गोशाला में व खाजुवाला, पूगल क्षेत्र की गोशालाओं का प्रशिक्षण खाजूवाला में होगा। यह सभी प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से प्रारंभ किए जाएंगे। यह 95वां प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के बीकानेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. कुलदीप चौधरी, पशुपालन विभाग बीकानेर के संयुक्त निदेशक डॉ. बिरमाराम, गोपालन विभाग के प्रभारी अधिकारी गोपाल सिंह नाथावत व गोशालाओं से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा आज करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

**बीकानेर,**(निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे पीपेरा में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय भवन (लागत 35 लाख रुपये) का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही आम गुवाड़ में सामुदायिक भवन में टीन शेड (लागत 6 लाख रुपये) तथा गौशाला में टीन शेड (लागत 5 लाख रुपये) का लोकार्पण भी किया जाएगा।दोपहर 12 बजे मलकीसर बड़ा में सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। गोदारा सायं 4 बजे ढाणी पांडूसर में पशु चिकित्सालय भवन (लागत 46.50 लाख रुपये) का शिलान्यास करेंगे। साथ ही ट्यूबवेल का लोकार्पण करेंगे।गोदारा सायं 5 बजे राजासर उर्फ करणीसर में 1 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करेंगे, इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को दृढ़ता मिलेगी वे सायं 6:30 बजे कागासर में ट्यूबवेल का लोकार्पण तथा 5 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन का लोकार्पण करेंगे।

### नोखा के अपना घर में प्रभुजनों से की मुलाकात

**नोखा,**( निसं)। यहा अपना घर आश्रम में गुरुवार को सेवा और संवेदना का माहौल देखने को मिला। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने आश्रम का दौरा किया। उन्होंने यहां निवास कर रहे 572 असहाय प्रभुजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आश्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विक्रम तथा आश्रम के सचिव सतीश आश्रम पहुंचे। आश्रम परिवार ने उनका आत्मीयता के साथ स्वागत किया। आगंतुकों ने आश्रम में रह रहे प्रभुजनों से संवाद किया और उनके जीवन के अनुभव सुने। इस अवसर पर श्याम सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और अपना घर आश्रम इस विचार को साकार रूप दे रहा है। उन्होंने बताया कि आश्रम में करीब 572 लावारिस, असहाय और जरूरतमंद प्रभुजनों की सेवा केवल 30 सेवासाथी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। श्याम सिंह ने आगे कहा कि सामान्य परिस्थितियों में लोग अपने परिवार के एक सदस्य की देखभाल करने में भी कठिनाई महसूस करते हैं, जबकि यहां सीमित संसाधनों में इतने लोगों की सेवा प्रेमभाव से की जा रही है। आगंतुकों ने आश्रम परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित दिनचर्या, चिकित्सा सुविधाओं और भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यहां रहने वाले प्रत्येक प्रभुजन के साथ परिवार के सदस्य जैसा व्यवहार किया जाता है। उन्हें न केवल भोजन और उपचार मिल रहा है, बल्कि भावनात्मक सहयोग और अपनापन भी दिया जा रहा है। आरएसएस के जिला प्रचारक विक्रम ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सेवा और करुणा की भावना जरूरी है। उन्होंने आश्रम में कार्यरत सेवासाथियों को समाज का वास्तविक नायक बताते हुए कहा कि उनका योगदान अमूल्य है। कार्यक्रम के अंत में आगंतुकों ने आश्रम परिवार के सेवा कार्यों की सराहना की और इस कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने का आव्हान किया।

### अखिल भारतीय पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक

**बीकानेर**( निसं)। 3 अप्रेल साहित्य के मौलिक लेखन को सम्मान प्रदान करने के दृष्टिगत राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ द्वारा प्रति वर्ष दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों एवं सम्मानों के लिए प्रविष्टियां व प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्थाध्यक्ष श्याम महर्षि ने बताया कि भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय अवदान के लिए अर्पित किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'श्री मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान, डॉ. नंदलाल महर्षि स्मृति हिन्दी साहित्य सृजन पुरस्कार, चन्द्रमोहन हाड़ा हिमकर स्मृति उपन्यास लेखन पुरस्कार, शिवप्रसाद सिखवाल स्मृति महिला लेखन पुरस्कार, श्याम सुंदर नागला स्मृति बाल साहित्य सृजन पुरस्कार, साहित्य के इतर विषयों से जुड़े सुरेश कंचन ओझा लेखन पुरस्कार और रामकिशन उपाध्याय स्मृति समाज सेवा सम्मान के लिए कृतियां-प्रस्ताव मांगे गये हैं। उपन्यास विधा के पुरस्कार में एतिहासिक पृष्ठभूमि पर रचित उपन्यासों को प्राथमिकता दी जावेगी। महर्षि ने बताया कि साहित्यश्री सम्मान में 21 हजार रुपए एवं अन्य सभी पुरस्कारों-सम्मानों हेतु चयनित विद्वानों को ग्यारह-ग्यारह हजार रूपये नगद राशि, सम्मान-पत्र, स्मृति-चिह्न, शॉल आदि यथा संस्था निणर्य 14 सितम्बर, 2026 को संस्था के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोज्य समारोह में अर्पित किये जायेंगे। प्रविष्टि विषयक विस्तृत जानकारी देते हुए संस्था के मंत्री साहित्यकार रवि पुरोहित ने बताया कि हिन्दी सृजन पुरस्कारों के लिए आवेदित या प्रस्तावित पुस्तक वर्ष 2021 से 2025 के मध्य प्रकाशित एवं उपन्यास विधा, महिला लेखन, बाल साहित्य सृजन एवं इतर साहित्यिक लेखन पुरस्कार के लिए वर्ष 2019 से 2025 की कालावधि में प्रकाशित होनी चाहिए। 'मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान हेतु विगत 20 वर्षों के सम्बन्धित क्षेत्र के अवदान को ध्यान में रखा जाएगा।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा उदयरामसर में आज

**बीकानेर**( निसं)। जिला अंधता निवारण समिति बीकानेर के तत्वावधान में श्वेताम्बर स्थानकवासी महासभा कोलकाता और श्रीमती शरमा देवी लक्ष्मण सिंह यादव परिवार, आचार्य नानेश रोटरी नेत्र चिकित्सालय की ओर से माहेश्वरी भवन उदयरामसर में शनिवार 4 अप्रेल को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा।

# वन्देमात्रम महिला टीम लगाएगी परिंडे, सिटी कोतवाली से अभियान की शुरुआत

**बीकानेर**(निसं)। गर्मी के माहौल में आकाश में विचरण करने वाले पक्षियों को प्यास से व्याकुल ना होना पड़े इसके लिए शहर भर में वन्देमातरम महिला टीम परिंडे लगाएगी और इसकी शुरुआत आज सिटी कोतवाली थाने में 11 पालसिये लगाकर की गई।

वन्देमातरम महिला टीम की ओर से परिंडे वितरण अभियान की शुरूआत सिटी कोतवाली से की शुरुआत।

■ शहर भर में वन्देमातरम महिला टीम परिंडे लगाएगी और इसकी शुरुआत आज सिटी कोतवाली थाने में 11 पालसिये लगाकर की गई

महिला टीम अध्यक्ष कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा कि हर ऋतु में हम सब अपने स्तर पर खुद के लिए व्यवस्था करते है गरीबों के लिए भी करते है परंतु पशु पक्षियों की व्यवस्था करना भी मानवीय धर्म है और शास्त्रों में भी उल्लेखित है कि धर्मानुसार सेवा कार्य करने में महिलाएं हमेशा आगे रहती है। लिहाजा वन्देमातरम महिला टीम संपूर्ण बीकानेर में पक्षियों के लिए पालसिये लगाने का कार्य करेगी इस कार्य के सफल संचालन के लिए कामिनी विमल भोजक मैया ने इंदु वर्मा को संयोजक और राजश्री कच्छावा को सह संयोजक बनाया है इनकी ही देखरेख में आज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ आगे भी यह कार्यक्रम इनके ही संयोजन में होगासिटी कोतवाली थानाधिकारी सविता ढाल ने कहा कि धरती पर विचरण करने वालो के लिए सभी कार्य करते है लेकिन आकाशीय पक्षियों की सुविधा के लिए कार्य करना बहुत ही सराहनीय कदम है में वन्देमातरम महिला टीम को इस नेक कार्य के लिए शुभकामनाएं देती हुवन्देमातरम मंच के संयोजक विजय कोचर ने इस अवसर पर कहा कि मातृ शक्ति नेक कार्य के लिए आगे आई है साधुवाद की पात्र है महिला टीम अग्रणी रहकर कार्य करे इनके लिए जो भी संसाधन की आवश्यकता होगी उसको पूर्ण किया जाएगा।

वंदे मातरम टीम हर साल गर्मी मे हजारों पालसिये अभियान चला कर लगाती है इस अवसर पर मातृ शक्ति टीम से माया भाटी, दमयंती सुथार, विजयलक्ष्मी मूंधड़ा, आशु भाटिया, शशि गुप्ता, सहित टीम के सहयोगी उपस्थित थे। सिटी कोतवाली थानाधिकारी सविता का वंदे मातरम महिला टीम द्वारा अपराध नियंत्रण के शानदार कार्य के लिए सविता का शाल श्रीफल और दुपट्टा पहनाकर स्वागत भी किया गया।

## गुप्ता बार एसोसिएशन के सभापति निर्वाचित

**बीकानेर** (निसं)। बार एसोसिएशन, बीकानेर के अध्यक्ष अजय कुमार पुरोहित के नेतृत्व में आज आम सभा का आयोजन नवीन न्यायालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। सभा में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता रामकृष्ण दास गुप्ता को बार एसोसिएशन, बीकानेर का सभापति निर्वाचित किया।

तत्पश्चात नवनिर्वाचित सभापति द्वारा बार एसोसिएशन, बीकानेर के बजट, संविधान संशोधन तथा वेबसाइट निर्माण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

आम सभा में बार एसोसिएशन, बीकानेर के बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही, संविधान संशोधन हेतु बार अध्यक्ष द्वारा 21 सदस्यीय संविधान संशोधन समिति का गठन किया गया तथा उक्त समिति को आवश्यक संशोधनों के संबंध में अपने सुझाव 23 अप्रैलतक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, बार अध्यक्ष द्वारा बार एसोसिएशन, बीकानेर की वेबसाइट निर्माण का प्रस्ताव भी सभा पटल पर रखा गया।

# किसानों का प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

**श्रीगंगानगर,**(निसं)। जिले में गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर किसानों जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

■ सरकारी नीतियों और मौसम से नुकसान, समय पर गेहूं की सरकारी खरीद हो

ग्रामीण किसान मजदूर समिति (जीकेएस) के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह राजू ने कहा कि लगातार खराब मौसम और नई सरकारी नीतियों के कारण किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद नहीं हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि प्रति किसान खरीद सीमा 5 क्विंटल से बढ़ाकर 15 क्विंटल की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। किसानों ने आरोप लगाया - पटवार सर्किल के अनुसार उत्पादन अलग-अलग दर्ज किया जा रहा है और कई स्थानों पर वास्तविक उत्पादन से काफी कम आंकड़े दिखाए जा रहे हैं। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी हो रही है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिले में लगातार हो रही बारिश से गेहूं की फसल के रंग और गुणवत्ता पर असर पड़ा है। किसानों ने मांग की कि ऐसी परिस्थितियों में गुणवत्ता के मापदंडों में छूट दी जाए, जैसा कि पिछले वर्षों में किया जाता रहा है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति में सरकार को राहत देनी चाहिए।

किसानों ने बताया कि सरकार ने श्रीगंगानगर जिले के लिए मात्र 49 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है, जबकि अनुमानित उत्पादन करीब 80 लाख टन है। ऐसे में बड़ी मात्रा में फसल बिना खरीदे रह सकती है। किसानों ने मांग की कि खरीद लक्ष्य को तुरंत बढ़ाया जाए, ताकि पूरी फसल की खरीद सुनिश्चित हो सके।

## माहेश्वरी महिला समिति का वार्षिक उत्सव-गणगौर पर्व आज

**बीकानेर**( निसं)। माहेश्वरी महिला समिति विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी अपना वार्षिक उत्सव गणगौर 2026 का आयोजन 4 अप्रैल को नरसिंह भवन में किया जायेगा। महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती श्रेया देवी राठी ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज शाम 5:00 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि माहेश्वरी समाज प्रमुख नरसिंह मिमानी होंगे। समिति उपाध्यक्ष अंजू लोहिया तथा सचिव अनुभा बागड़ी के अनुसार कार्यक्रम संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से पूर्व सदैव की तरह इस वर्ष की माता गवरजा की सवारी बैंड तथा ताशों के साथ डागा चौक बीके स्कूल के पास स्थित हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी।

# गैस और पेट्रोल-डीजल का रिजर्व स्टॉक

**बीकानेर,** (निसं)। नए जिला कलेक्टर निशांत जैन कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट के डिपार्टमेंट का जायजा लिया। इसके साथ ही, रसद अधिकारियों से पेट्रोल-डीजल और एलपीजी गैस के स्टॉक की रिपोर्ट मांगी।

उन्होंने कर्मचारियों से काम में आ रही दिक्कत को समझा और उन्हें लगन से काम करने की सीख दी। ये भी साफ कर दिया कि गड़बड़ी सहन नहीं होगी।

कलेक्टर ने कहा- आम उपभोक्ताओं को बेवजह परेशानी नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कालाबाजारी, गैस सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग सहित विभिन्न अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने बीकानेर में एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की खपत और उपलब्धता तथा गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा की। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर का दो दिन का रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखा जा रहा है। शैक्षणिक एवं मेडिकल संस्थान, अन्नपूर्णा रसोई आदि स्थानों पर कमशिऱ्यल गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि सभी विवाह स्थलों, होटलों आदि को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना कनेक्शन एक भी कमशिऱ्यल गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। अब तक जिले की सभी गैस एजेंसियों का एक बार विजिट किया जा चुका है। डोमेस्टिक गैस की आपूर्ति के गैस डायरी, आधार कार्ड और ओटीपी बेस पर दिया जा रहा है। जिले में 6 से 7 दिन का पेट्रोल-डीजल का रिजर्व स्टॉक उपलब्ध है।

जिले में 258 पेट्रोल पंप हैं। सभी पर विभाग द्वारा नजर रखी जा रही है। जिले में अवैध गैस रिफिलिंग की 20 से अधिक कार्रवाई की जा चुकी है। अब तक 116 से अधिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। वहीं दो एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं।

इस दौरान बताया गया कि जिले में गेहूं खरीद के 12 केन्द्र हैं। इनमें से एफसीआई द्वारा सात, राजफेड द्वारा 2 तथा एनसीसीएफ द्वारा तीन केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी केंद्रों पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। एफसीआई प्रबंधक ने बताया कि खरीद 15 अप्रैल के लगभग प्रारम्भ होने की संभावना है। जिले को इस बार 26 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जिले में गेहूं की बम्पर पैदावार को देखते हुए शत-प्रतिशत की लक्ष्य पूर्ति की संभावना है।

# सीएनजी की सप्लाई शॉर्ट, पंपों पर दो दिन से गैस नहीं

**बीकानेर,** (निसं)। मध्य-पूर्व में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध का सीधा असर रसोई गैस (एलपीजी) के साथ पीएनजी (पाइप नेचुरल गैस) और वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी (कॉम्प्रिहेंस्ड नेचुरल गैस) की सप्लाई पर भी पड़ा है। करणी औद्योगिक क्षेत्र स्थित गैसोनेट के सीएनजी स्टेशन पर गैस शॉर्ट हो गई है। पेट्रोप पंपों पर दो दिन से गैस उपलब्ध नहीं है। गैस की भारी किल्लत के बीच शहर की दो बड़ी आवासीय कॉलोनियों में अप्रैल के अंत तक पीएनजी घरों तक पहुंचाने का दावा किया जा रहा है।

■ 380 घरों तक अप्रैल में पीएनजी पहुंचाने का दावा

बीकानेर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के पहले चरण में समता नगर और करणीनगर के 380 घरों तक पाइप लाइन बिछाई गई है। अप्रैल के अंत तक कनेक्शन कर दिया जाएगा। दोनों कॉलोनियों में अब तक एक हजार घरों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। पीएनजी की दर 49.27 प्रति एससीएम (स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर) के हिसाब से तय है, जो कि एलपीजी के मुकाबले करीब 6 रुपए प्रति किलोग्राम सस्ती है (अनुमानित 59 प्रति किलोग्राम)। इसके विपरीत एलपीजी वर्तमान में बढ़ी दरों के हिसाब से लगभग 65 रुपए प्रति किलो मिल रही है। 14.2 किलो सिलेंडर की कीमत करीब 926 रुपए वसूली जा रही है। बता दें वर्तमान में करणी औद्योगिक क्षेत्र में बीकाजी सहित चार इंडस्ट्रीज को ही पीएनजी से जोड़ा गया है।

सीएनजी के सात पंप और 2500 गाड़ियां जिले में सीएनजी के सात पंप हैं। शहर में एक ही जयपुर रोड पर विजय मोटर्स, श्रीडूंगरगढ़ में आशीष, खारा में महालक्ष्मी, जैसलमेर रोड पर सारण पेट्रोलियम, जोधपुर रोड पर शर्मा ट्रैवल्स, बदरासर में मास फाइनेंस और करणी औद्योगिक क्षेत्र में गैसोनेट का पंप है। गैसोनेट के मैनेजर गंगा प्रसाद बरुआ ने बताया कि जिले में करीब 2500 सीएनजी गाडि़यां हैं। दिसंबर 2025 तक 1700 कारें, 200 ऑटो, 95 बाइक और दो बसें थीं। इन तीन महीने में सीएनजी गाडि़यों की संख्या बढ़ी है।

## आरजीएचएस को बीमा इंश्योरेस बीमा मॉडल में लाने की तैयारी का विरोध

**बीकानेर** (निसं)। अ.भा. सफाई श्रमिक कांग्रेस ने राज्य कर्मचारी, सफाई कर्मी व पेंशनर्स के आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) को बीमा इंश्योरेस बीमा मॉडल में लाने की तैयारी को सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया हैं। अगर इसमें बड़ा बदलाव लाया जाता हैं तो लाखों सरकारी व निकाय सफाई कर्मी जिनमें पेंशनर्स की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी है का प्रस्ताव लागू होता हैं तो इससे इलाज का पूरा सिस्टम ही बदल जाएगा। जिसेसरकारी कर्मचारी व पेंशनर्स कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार को इसका भारी विरोध झेलना पड़ेगा । अ.भा. सफाई श्रमिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाल्मीकि मुकेश राजस्थानी ने कहा कि सरकार इस योजना को बीमा (इंश्योरेंस) पर ले जायेगी तो इससे राज्य कर्मचारी, राज्य निकाय सफाई कर्मी और पेंशनर्स ज्यादा प्रभावित होंगे। कारण कि जैसे बीमा कंपनी क्लेम रिजेक्ट करना, कागजी प्रक्रिया और शर्तें बढ़ना, इलाज पर लिमिट तय होना तथा मरीज को हर बार अप्रूवल की प्रक्रिया आदि से गुजरना पड़ सकता हैं। ऐसे में सरकार को इस प्रस्तावित योजना पर पुनर्विचार करते हुए पूर्ववर्ती योजना यथावत रखनी चाहिए।

## सेवानिवृत बैंकर्स का लगेगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**बीकानेर,** (निसं)।ऑल इंडिया रिटायर्ड बैंक एम्पलाईज एसोसियेशन, बीकानेर की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन सीनियर सिटीजन मनोरंजन केन्द्र, जेएनवी कॉलोनी में अध्यक्ष भूदेव शर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई। सचिव आर के शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठन के सदस्यों के लिये स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के आयोजन का निणर्य लिया गया । इसके अलावा बैंक स्टाफ व पेंशनर की केशलेस सुविधा के लिये अन्य हॉस्पिटल को भी मान्यता दिलवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का तय किया गया। बैठक में पेंशन संशोधन हेतु केन्द्रीय स्तर पर ठोस कार्यवाही करवाने का निणर्य लिया गया।

# नगर स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय 'उछब थरपणा' का आगाज 9 से

**बीकानेर** (निसं)। पाँच शताब्दियों से भी ज्यादा अपनी बहुआयामी यात्रा पूरी करता हुआ विख्यात बीकानेर नगर का स्थापना दिवस समारोह संस्थाओं द्वारा गत 16 वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर के 538वें स्थापना दिवस पर थार विरासत एवं राजस्थानी साफा, पगड़ी एवं कला संस्थान के साझा संयोजन में पांच दिवसीय उछब थरपणा समारोह का आयोजन 9 अप्रैल, 2026 वार गुरुवार से 13 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। संस्था सचिव वरिष्ठ चंदा, पाग, साफा कला विशेषज्ञ कृष्णचंद्र पुरोहित ने बताया कि पांच दिवसीय समारोह इस बार विशेष रूप से नवाचार के साथ युवा प्रतिभाओं को समर्पित रहेगा। समारोह के प्रथम दिन लाली बाई पार्क के पास स्थित संस्था कार्यालय में विधिवत समारोह उद्घाटन के बाद 9 और 10 अप्रैल को चन्दा, साफा, पगड़ी कला से संबंधित दो दिवसीय कार्यशाला प्रारम्भ होगी, जो विशेष तौर से नई पीढ़ी को अपनी कला परंपरा से जोड़े का उपक्रम है। जिसके प्रभारी वरिष्ठ कला विशेषज्ञ मोना सरदार डूडी होंगे, युवा बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षित करेंगे। समारोह के तीसरे दिन 11 अप्रैल, को राजस्थानी लोक कला एवं लोक संस्कृति के वैभव को उकेरने के लिए विशेष माण्डणा-रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसका आयोजन प्रभारी संस्कृतिकर्मी श्रीमती हेमलता व्यास के निर्देशन में नत्थूसर गेट के बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में किया जाएगा। इसी कड़ी में समारोह के चौथे दिन 12 अप्रैल,को सांय 5 बजे एक विशेष काव्य रंगत का आयोजन होगा। जिसमें नगर के विशेष आमंत्रित कवि, शायर द्वारा बीकानेर को केन्द्र में रखकर उसके वैभव आदि को रेखांकित करती कविता, गीत, गज़ल, हाइकू आदि की प्रस्तुति लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में होगी। समारोह के पांचवे दिन एक नवाचार के तहत इस बार देश के विभिन्न प्रांतों से हजारों एवं कुछ विदेशी की खाली माचिस की डिब्बियों के संग्रह की महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 'भानू का पिटारा' का आयोजन किया जाएगा।

# जैन यूथ कल्ब ने जिला कलेक्टर निशांत जैन का किया स्वागत

**बीकानेर** (निसं)। जैन यूथ कल्ब बीकानेर के युवा साथियों द्वारा बीकानेर के नवागत जिला कलेक्टर निशांत जैन का स्नेहपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कल्ब के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

■ इस अवसर पर कल्ब के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया

जैन यूथ कल्ब ने जिला कलेक्टर निशांत जैन का किया स्वागत ।

कल्ब प्रतिनिधियों ने कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर शहर के सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा भविष्य में सकारात्मक सहयोग का विश्वास दिलाया। युवा साथियों ने आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में बीकानेर जिला विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। जैन यूथ कूब के पूर्व सचिव शान्ति विजय सिपानी ने कहा कि संगठन सदैव प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों एवं जनसेवा के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं के सामंजस्य से बीकानेर में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इस अवसर पर जैन यूथ कल्ब के अध्यक्ष पारस डागा सचिव विशाल गोलछा, सुनील भंसाली, दर्शन जैन, सुरेन्द्र कोचर, धवल नाहटा, सतेन्द्र बैद, हेमंत सिंगी, देवेंद्र पुगलिया, विनीत बांठिया, पंकज सिंगी, अभिषेक कोचर, सहित अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगाशहर में खुलेआम बिक रहा चाइनीज मांझा

**बीकानेर,**(निसं)। भले ही प्रशासन चाइनीज मांझों की बिक्री पर रोक लगा चुका हो मगर गंगाशहर में इस वक्त चाइनीज मांझों की बिक्री खुले आम हो रही है। कुम्हारों की मोड के पास हो या भीनासर नाले के आसपास। या मैन बाजार। हैरानी की बात ये है कि एक बिक्री तो चोरी छुपे होती है मगर यहां तो खुलेआम बिक्री हो रही है।

■ अखातीज नजदीक इसलिए हादसों का डर

ये सब तब हो रहा जब बीकानेर में पांच सालों में चाइनीज मांझों से घायल और मरने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। मांझा बेचने वाले ये भूल रहे कि जिस मांझे को वो बेच रहे उससे उनके ही परिजन भी लपेटे में आ सकती है मगर कुछ रुपयों के लालच में ऐसे लोग मौत का सामान बेचने में नहीं झिझक रहे। दूसरी ओर ऐसे खरीददारों की भी कमी नहीं जो सिर्फ कुछ पलों में सामने वाले की पतंग काटने के चक्कर में लोगों की गर्दन और चेहरा काटने का सामान खरीद रहे हैं। पांच सालों में अकेले पीबीएम अस्पताल में चाइनीज मांझे से घायल होकर 900 से 1000 लोग पहुंचे हैं।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 01-04-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 04 ए छोटी मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 1 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 60'-0'' फौट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री सुखजिन्दर सिंह मान पुत्र श्री हरनेक सिंह मान निवासी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री सुखजिन्दर सिंह मान पुत्र श्री हरनेक सिंह मान निवासी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 04 ए छोटी मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 1 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 60'-0'' फौट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref No.: 21331987 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5264 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 02-04-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती नीलम पत्नी श्री तरूण मुंजाल निवासी म.न. 1137 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 43 के किला नं. 4 में माप 35 इन्दू 54 फीट भूखण्ड संख्या पीजे 122 पार्ट बी श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 8939 दिनांक 28.09.2018 को श्रीमती कृष्णा रानी पुत्र श्री गुरदयाल सिंह के नाम से जारी है। | श्रीमती नीलम द्वारा पंजीकृत वैयनामा दिनांक 08.05.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बावत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती नीलम पत्नी श्री तरूण मुंजाल निवासी म.न. 1137 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1440 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांकः नियमन/2026/5234 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांकः 27.03.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीता देवी पत्नी श्री शिव दास निवासी म.नं. 130 रामलाल कॉलोनी, गली नं. 6, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखंडधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 3/4 के किला नं. 14 में माप 20 इन्दू 45 फीट भूखण्ड संख्या सी-59, रामलाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 3802 दिनांक 27.03.2006 को श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री मोहन लाल के नाम से जारी है। | श्री बबलू द्वारा द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.12.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामांतरण बावत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखंड के संबंध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है। इस संबंध में श्रीमती नीता देवी पत्नी श्री शिव दास निवासी म.नं. 130 रामलाल कॉलोनी, गली नं. 6, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखंड से संबंधित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या - SGNR/FY25-26/MUT/1410 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2026/5197 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.03.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सोहन लाल ओस्तवाल पुत्र श्री भादर राम निवासी वार्ड नं. 4, गली नं. 02, म.नं. 20, 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 30 के किला नं. 21, 22 में माप 15 इंटू 67.6 फीट भू.सं. डी-35 ए, शिव नगर, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 1554 दिनांक 8.8.2013 को श्री भूरा राम पुत्र श्री अर्जुन राम व चंदा देवी पत्नी श्री भूरा राम के नाम से जारी है। | श्री सोहन लाल ओस्तवाल द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 17.11.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखंड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है इस संबंध में श्री सोहन लाल ओस्तवाल पुत्र श्री भादर राम निवासी वार्ड नं. 4, गली नं. 02, म.नं. 20, 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखंड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1268 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर